Nai Duniya

Daiwik Hotels expands footprint in pilgrimage hospitality with its second spe

Date: 23/04/2015 | Edition: Bhopal | Page: 8 | Source: Bureau | Clip size (cm): W: 19 H: 15

Clip: 1 of 1

दैविक होटल्स ने शिरडी में...

तीर्थयात्रा सत्कार में किया विस्तार

भोपाल। रामेश्वरम, तमिलनाडु में अपनी पहली संपत्ति की शुरूआत करके वशेषज्ञ तीर्थयात्रा आतिथ्य सत्कार की अनोखी अवधारणा की पेशकश करने के बाद दैविक होटल्स प्राइवेट लिमिटेड ने शिरडी में अपने दूसरे होटल की शुरूआत की है।



अंतरराष्ट्रीय स्तर के होटल के बुनियादी ढांचे और सेवाओं के साथ दैविक होटल्स शिरडीका लक्ष्य ग्राहकों को एक संपूर्ण तीर्थ यात्रा का अनुभव मुहैया कराना है। दैविक होटल को तीर्थयात्रा आतिथ्य सत्कार के लिए मांग की कमी को सबसे पहले पूरा करने का फायदा मिलता है। मध्यम आय और उच्च आय वर्ग के लोगों के बीचती र्थयात्रा कोलेकर बढ़ती दिलचस्पी की वजह से गुणवत्तायुक्त होटलों की तीर्थयात्री की जरूरतों और परेशानी मुक्त तीर्थयात्रा के अनुभव की जबरदस्त मांग है जो पूरी नहीं होती और काफी हदतक यह मांग असंगठित है। हालांकि इस यात्रा का ६० फीसदी भारतमें धार्मिक यात्रा होती है। अपना दूसरा होटल खोलने के लिए शिरडी की ओर दैविक होटल का ध्यान जाने की वजह इस तीर्थस्थल की ओर बार-बार आनेवाले तीर्थयात्रियों की संख्या है। यह अनुमान है कि शिरडी में हरसाल ६०-७० लाख लोग यहां आते हैं। दैविक होटल्स शिरडी में ५६ सुसज्जित कमरे हैं। होटलमें कमरों की ४ श्रेणियां हैं। स्टैंडर्ड, सुपीरियर, फैमिली डीलक्स और जूनियर सुईट। साथही इस होटल में विश्वस्तरीय मानकों के साथ बैंक्वेट हॉल, स्पा, कॉन्फ्रेंस रूम और बिजनेस सेंटर सुविधा, तीर्थयात्रियों की मदद करनेवाला एक विशेष डेस्क है जहां मंदिर के नियमों, उनके समय और सुविधाओं की जानकारी दीजाती है। इस सत्कार में और भी चार चांद लगाने के लिए अहान नाम से एक शाकाहारी रेस्तरां है जो जैन भोजन और पूर्ण शाकाहारी भोजन मुहैया कराता है। कमरे के प्रकार और आने के समय के हिसाब से दरों में बदलाव होता है।